


## महिला हॉकीः भारत ने जीता ओलिंपिक टेस्ट इवेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए यहां बुधवार को ओलिंपिक टेस्ट इवेंट का खिताब जीता। भारतीय टीम ने एक रोमांचक फाइनल मुकाबले में जापान की टीम को 2–1 से पराजित किया। मेहमान टीम के लिए इस मैच में नवजोत कौर और लालरेमसियामी ने गोल किए। जापान की ओर से एकमात्र गोल मिनामी शिमिजू ने दागा। राउंड रोबिन मुकाबले में भी दोनों टीमों का सामना हुआ था, जिसमें भारत ने ही 2–1 से जीत दर्ज की थी। भारत ने अपने से मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ भी 2–2 से ड्रॉ खेला था। पूरे टूर्नामेंट में भारत को एक भी हार नहीं झेलनी पड़ी। इससे पहले, पुरुष टीम ने भी इस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने न्यू जीलैंड को 5–0 से करारी शिकस्त दी थी।

# टॉस जीतकर जेसन होल्डर का आत्मघाती फैसला?

### आंकड़े हैं भारतीय कप्तान विराट कोहली के पक्ष में

**टेस्ट क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वेस्ट इंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। एंटीगा में टॉस से ठीक पहले बारिश हुई इसी का फायदा उठाने के लिए विपक्षी कप्तान ने टीम इंडिया को पहले बैटिंग का निमत्रंण दिया, जो उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकता है। आत्मघाती कहने के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का पहले बैटिंग करते हुए बड़ा ही शानदार रेकॉर्ड है।

**ऐसा है शानदार रेकॉर्ड**

विराट की कप्तानी में टीम इंडिया ने 26 टेस्ट मैचों में पहले बैटिंग की है। इस दौरान उसने 21 मुकाबले जीते हैं, जबकि 4 मैच ड्रॉ खेले हैं।



सिर्फ एक मैच टीम इंडिया के खिलाफ गया है, जो उसने 2018 में लॉर्ड्स में खेला था। यहां मेजबान इंग्लैंड ने जीत हासिल की थी। यह रेकॉर्ड अगर होल्डर के मन में होता तो शायद ही वह भारतीय टीम को बल्लेबाजी का न्यौता देते। ओवरऑल रेकॉर्ड की बात करें तो विराट की कप्तानी में भारत ने 46 में से 26 मैच जीते हैं, जबकि 10 मैच ड्रॉ रहे और 10 मैचों में हार मिली है।

**टीम में कौन-कौन है शामिल**

भारत ने अंजिक्य रहाणे पर भरोसा जताया है और उन्हें अंतिम एकादश में रखा गया है, जबकि रोहित शर्मा टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अलावा रविचंद्रन अश्विन, ऋद्धिमान साहा, कुलदीप यादव और उमेश यादव भी अंतिम एकादश में शामिल नहीं हैं। मयंक अग्रवाल और केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे, जबकि छठे नंबर पर रोहित के बजाय हनुमा विहारी को प्राथमिकता दी गई है। विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत टीम प्रबंधन के पहली पसंद रहे, जबकि रविंद्र जडेजा अंतिम एकादश में शामिल एकमात्र स्पिनर हैं। जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा और मोहम्मद शमी के रूप में टीम में तीन तेज गेंदबाज रखे गए हैं। वेस्ट इंडीज की तरफ से बल्लेबाज समर्थ ब्रूक्स टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

**टीमें** भारतः मयंक अग्रवाल, लोकेश राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली , अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह।

वेस्ट इंडीजः क्रैग ब्रैथवेट, जॉन कैंपबेल, शाई होप, शामर ब्रूक्स, डेरेन ब्रावो, हेटमायर, रोस्टन, जेसन होल्डर, मिगुएल कमिंस, शैनन ग्रैब्रियल, केमार रोच

# राहुल द्रविड़ ने क्रिकेट, युवराज सिंह ने दबाव का सामना करना सिखायाः शुभमन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। स्ट्रोक्स भले ही विराट कोहली की तरह हों, लेकिन क्रिकेट के प्रति शुभमन गिल का रवैया राहुल द्रविड़ से प्रभावित है। द्रविड़ ने इस युवा खिलाड़ी को हर हालत में अपने स्वाभाविक खेल पर डटे रहने की सलाह दी है। दो सप्ताह बाद 20 बरस के होने जा रहे गिल सिर्फ दो वनडे खेलने के बावजूद चर्चा में बने हुए हैं। पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने वेस्ट इंडीज दौरे के लिए टीम में उनका चयन नहीं होने पर हैरानी जताई थी।

इस महीने की शुरुआत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बने गिल ने कहा, 'राहुल सर भारतीय अंडर 19 टीम और फिर भारत–ए के समय से मेरे कोच हैं।

■सिर्फ मैच पर रहता है फोकसः गिल

उनसे सबसे अच्छी सलाह जो मुझे मिली, उन्हें मैं हमेशा जेहन में रखता हूं। वह कहते थे कि हालात कुछ भी हो, मुझे अपना स्वाभाविक खेल नहीं बदलना है।'

**राहुल द्रविड़ी की सीख काम आईः** उन्होंने कहा, 'मैं वेस्ट इंडीज ए के खिलाफ दोहरे शतक को लाल गेंद के क्रिकेट से अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा।' स्वाभाविक खेल दिखाने पर भी अनुकूल नतीजे नहीं मिले तो, यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'उन्होंने कहा कि यदि तकनीकी रूप से मुझे मजबूत बनना है तो अपने बेसिक खेल के भीतर ही सारे बदलाव होने चाहिए।'

गिल ने कहा, 'राहुल सर ने मुझसे कहा कि यदि मैंने अपना खेल बदला तो वह स्वाभाविक नहीं होगा और उससे सफलता नहीं मिलेगी। उसका फोकस चुनौतियों का मानसिक रूप से सामना करने पर ही रहेगा।'

**डबल सेंचुरी से बढ़ा आत्मविश्वासः** फ्रंटफुट पर गिल के कवर ड्राइव की तुलना कोहली के स्ट्रोक से की जाती है, लेकिन उन्होंने कहा कि यह उसका स्वाभाविक शॉट है। उन्होंने कहा, 'मैं स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक खेलता हूं। बचपन से ही मैने स्पिनरों को खूब खेला है।

## 'फिट भारत अभियान' के लिए सलाहकार समिति गठित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सरकारी अधिकारियों, भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के सदस्यों, राष्ट्रीय खेल महासंघ, निजी संस्थाओं और फिटनेस प्रमोटरों की मौजूदगी वाली समिति का गठन किया गया है जो 'फिट भारत अभियान' (थ्पज प्दकपं डवअमउमदज) पर सरकार को सलाह देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त को इस अभियान को लॉन्च करेंगे। बयान के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य लोगों को रोजमर्रा के जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। खेल मंत्री किरन रिजिजू की अध्यक्षता वाली 28 सदस्यीय समिति में सरकार के 12 सदस्य होंगे जिसमें खेल, माध्यमिक शिक्षा, आयुष और युवा मामलों जैसे विभागों के सचिव शामिल हैं। आईओए अध्यक्ष और सात राष्ट्रीय खेल महासंघों के अध्यक्षों को भी इसमें जगह मिली है, जिसमें मुक्केबाजी, ऐथलेटिक्स, फुटबॉल और साइकिलिंग भी शामिल हैं। निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा शिल्पा शेट्टी और मिलिंद सोमण जैसी अपनी फिटनेस के लिए मशहूर बालीवुड हस्तियों को भी इसमें शामिल किया गया है।

## न्यूज डायरी




### बैडमिंटन वर्ल्ड चौंपियनशिपः नंबर वन मोमोटा से हारकर प्रणॉय बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बासेल (स्विट्जरलैंड)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणॉय वर्ल्ड चौंपियनशिप के प्री क्वॉर्टर फाइनल मैच में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोटा से हारकर बाहर हो गए। टॉप सीड मोमोटा ने गुरुवार को एक कड़े मुकाबले में प्रणॉय को 21–19, 21–12 से पराजित किया। नंबर वन मोमोटा ने 56 मिनट में यह मुकाबला जीतकर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वॉर्टर फाइनल में मोमोटा का सामना 14वीं सीड मलयेशिया के ली जी जिया से होगा, जिनके खिलाफ मोमोटा का 2–0 का रेकॉर्ड है। प्रणॉय ने पहले गेम में मोमोटा को कड़ी टक्कर दी और तीन बार स्कोर को बराबरी पर ला दिया। भारतीय खिलाड़ी एक समय 4–7 से पीछे थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने 12–12, 14–14 और 19–19 की बराबरी हासिल कर ली। अंतिम समय में प्रणॉय अंक बटोरने में विफल रहे और उन्हें पहले गेम में 19–21 से नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में प्रणॉय एक समय 5–11 से पीछे थे। इसके बाद वह लगातार पीछे होते चले गए और अंक गंवाते रहे। मोमोटा गेम में 17–10 से आगे हो चुके थे और फिर उन्होंने 21–12 से गेम और मैच जीतकर वर्ल्ड नंबर–30 प्रणॉय के खिलाफ 5–0 का करियर रेकॉर्ड बना लिया।

### उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबाल टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय महिला फुटबाल टीम एएफसी एशियाई कप 2022 की तैयारियों के तहत उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। हाल में कोटिफ कप में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय महिला टीम 29 अगस्त और दो सितंबर को ताशकंद के याकासारी स्टेडियम में दो मैच खेलेगी। भारत की 29 सदस्यीय टीम ने यहां अभ्यास शिविर में इस दौरे के लिये तैयारियां शुरू कर दी है। भारत की मुख्य कोच मेमोल रॉकी ने कहा, ''टीम के लिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना बहुत अच्छा और उपयोगी है। इससे मैदान के अंदर और बाहर खिलाड़ियों में सुधार होता है। ''

### विक्रम और फरीदा को शीर्ष वरीयता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के विक्रम मल्होत्रा और मिस्र की फरीदा मोहम्मद को शुक्रवार से ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स स्टेडियम में शुरू हो रहे शुरुआती स्क्वाश पीएसए टूर्नामेंट के क्रमशरू पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। यह प्रतियोगता एचसीएल एसआरएफआई इंडिया टूर का हिस्सा है। दुनिया के 55वें नंबर के पूर्व खिलाड़ी 29 साल के विक्रम और दुनिया की 50वें नंबर की खिलाड़ी फरीदा को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। विक्रम के अलावा 12000 डालर इनामी पुरुष स्पर्धा में 32 खिलाड़ियों के ड्रा में आदित्य जगताप, आदित्य जावेरी, अभिषेक प्रधान और अभिषेक अग्रवाल भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दूसरी तरफ 6000 डालर इनामी महिला वर्ग में फरीदा के अलावा मिस्र की सलमा यूसुफ, मेना हामिद और हना मोताज शीर्ष खिलाड़ी हैं।

### इस कैच को सर्वकालिक महान कैच बता रहे हैं माइकल वॉन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आपने क्रिकेट के मैदान पर कई शानदार कैच देखे होंगे। ऐसे भी कई मौके आए होंगे जब दर्शकों द्वारा लपके गए किसी कैच ने आपका दिल जीत लिया होगा। लेकिन शायद ही आपने ऐसा कोई कैच देखा हो। इस कैच को देखकर पहली बार आपको यकीन ही नहीं होगा। सरे के क्रिकेटर रिकी क्लार्क से एशेज सीरीज के बारे में बात की जा रही है। क्लार्क ड्रेसिंग रूम की बालकनी में खड़े हैं। तभी मैदान से गेंद उनकी ओर आती है। क्लार्क की पीठ उस ओर है। उन्हें नहीं पता कि गेंद किस रफ्तार से आ रही है और कहां पर है। वह पीछे सिर घुमाते हैं और गेंद को अपने दाएं हाथ से लपक लेते हैं।